Seminar on the Provisions Of EPF and ESI Applicable to NGO's

दिनांक : **11/05/2017**

गोयल चैरिटीज एसोसिएशन के द्वारा दिनांक 11/05/2017 को इंदौर एसपी ऑफिस परिसर के इंडियन कॉफी हाउस में एनजीओज के लिए "कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) व कर्मचारी राज्य बीमा की सुविधा (ईएसआई) के प्रावधान" विषय पर एक समूह चर्चा रखी गई जिसमें लगभग २३ संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया| ईएसआई विषय के लिए मुख्य वक्ता थे कर्मचारी राज्य बीमा निगम के रिटायर्ड रीजनल डायरेक्टर श्री जे.एस. अहिरवार| कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के रिटायर्ड असिस्टेंट कमिश्नर श्री नितिन शाह ने EPF के कवरेज, प्रावधान, कर्मचारियों के लिए हित- लाभ की जानकारी दी| कार्यक्रम का संचालन रिटायर्ड विंग कमांडर श्री डी.पी. तिवारी ने किया| अतिथि वक्ताओं का स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट गोयल चैरिटीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गोयल ने किया| संस्था की जानकारी श्री अभिमन्यु शुक्ला ने दी| कार्यक्रम की भूमिका डॉ. चारुशीला मौर्य ने प्रस्तुत की| आभार प्रदर्शन श्री विनय खांडेकर जी ने किया|